फा.सं.20/1/2022-23/हिं.क/नीपा

राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान

दिनांक : **01.11.2022**

हिंदी कक्ष

विषय : दिनांक 02.11.2022 को राष्ट्रीय एकता एवं दिनांक 03.11.2022 को भ्रष्टाचार मुक्त भारत के संदर्भ में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

''भ्रष्टाचार मुक्त भारत'' एवं ''राष्ट्रीय एकता दिवस'' के अवसर पर शिक्षा मंत्रालय एवं 'विश्वविद्यालय अनुदान आयोग' के आदेशानुसार सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रीय एकता एवं भ्रष्टाचार मुक्त भारत के संदर्भ में किया जाना है। अतः संस्थान में निर्धारित तिथि (दिनांक 02 एवं 03 नवंबर, 2022 समय अपराह्न 02:30 से 03:30 तक) को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रत्येक आयोजन में निबंध के तीन शीर्षक हैं जिनमें से किसी एक शीर्षक पर निर्धारित समय 01:00 घण्टे में लेखन किया जाना है। प्रत्येक कार्यक्रम में संस्थान के प्रतिभागी कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों/परियोजना स्टाफ के बीच से प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार अलग-अलग (कर्मचारियों को अलग, विद्यार्थियों एवं परियोजना स्टाफ को अलग) दिया जाएगा।

अतः दिनांक 02 नवंबर, 2022 को राष्ट्रीय एकता से संबंधित निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक निम्नलिखित हैः–

राष्ट्रीय एकता

1. सरदार वल्लभभाई पटेलः राष्ट्रीय एकता के निर्माता।
2. भारतः विविधता में एकता का अतुल्य राष्ट्र।
3. राष्ट्रीय एकता के मूलाधार क्या हैं।

दिनांक 03 नवंबर, 2022 को भ्रष्टाचार मुक्त भारत के संदर्भ में निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक निम्नलिखित हैः–

भ्रष्टाचार मुक्त भारत (सतर्कता सप्ताह)

1. भ्रष्टाचार मुक्त भारत– विकसित भारत।
2. भ्रष्टाचार मुक्त भारत हेतु नागरिक दायित्व।
3. आर्थिक एवं नैतिक भ्रष्टाचार के सामाजिक राजनैतिक स्वरूप।

अपेक्षित प्रतिभागी दिनांक 02.11.2022 एवं 03.11.2022 को कक्ष संख्या 333 में अपराह 02:30 बजे उपस्थित हों। यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है।

रवि 1/11/22

(डॉ. रवि प्रकाश सिंह)

हिंदी संपादक

वितरण : 1. कुलपति के वरिष्ठ निजी सचिव (सूचनार्थ)

2. कुलसचिव के निजी सहायक (सूचनार्थ)
3. सभी संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी, परियोजना/अस्थाई स्टाफ एवं विद्यार्थी।
4. सूचना पट्ट।